ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

दिनांक 19.11.2020

- शासनादेश के क्रम में शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुये निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियो को सुरक्षित स्थान पर (रैन बसेरा) में रात्रि की विश्राम के लिये भेजे जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा ने नगर का किया भ्रमण ।

शासनादेश के क्रम में शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुये निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियो को सुरक्षित स्थान पर (रैन बसेरा) में रात्रि की विश्राम के लिये भेजे जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा ने नगर का भ्रमण किया। दिनांक 18.11.2020 को रात्रि 10 बजे नगर के विभिन्न स्थानो एवं मार्गो का भ्रमण कर नगर आयुक्त महोदय ने असुरक्षित स्थानो पर सो रहे निराश्रित एवं कमजोर लोगो को सुरक्षित स्थान (रैन बसेरा) में रात्रि विश्राम के लिये भेजा गया।

नगर आयुक्त महोदय द्वारा वैश्विक महामारी कोविड–19 एवं ठण्ड से उत्पन्न होने वाली समस्याओ से सुरक्षित रखने हेतु असहाय एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियो को राहत पहॅुचाने हेतु शेल्टर होम हनुमतधाम, शेल्टर होम अजीजगंज (रैन बसेरो) की व्यवस्था का जायजा लिया। श्री विपुल कुमार सहायक अभियन्ता प्रभारी रैन बसेरा अजीजगंज, श्री पी0के0सिंह सहायक अभियन्ता (जल) प्रभारी रैन बसेरा हनुमतधाम को निर्देशित किया कि यहॉ आने वाले कमजोर एवं निराश्रित व्यक्तियो को प्रदान की जाने वाली सुविधाओ में किसी प्रकार की कमी नही होनी चाहिये। कोविड–19 के दृष्टिगत रैन बसेरो में भी कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। रैन बसेरो को सेनेटाईजेशन कराया जाये एवं प्रत्येक रैन बसेरे पर सेनेटाईजर की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखी जाये, रैन बसेरो मे सोशल डिस्टेसिंग का अनिवार्य रूप से पालन कराया जाये। रैन बसेरो में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को निःशुल्क मास्क उपलब्ध कराया जाये। रैन बसेरो में महिलाओ एवं पुरूषों के सोने व शौचालय आदि की भी अलग–अलग व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखी जाये।

नगर आयुक्त महोदय के साथ भ्रमण के दौरान उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता एवं सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर